# MPPCS Prelims Exam-2025
# General Studies (Paper-II)

1. संचार (संप्रेषण) में प्रयुक्त सबसे महत्त्वपूर्ण प्रतीक कौन-सा है ?

(A) शब्द

(B) चित्र

(C) हाव-भाव

(D) आँख से संपर्क

2. संचार (संप्रेषण) के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा तत्काल प्रतिपुष्टि प्रदान करता है ?

(A) मौखिक संचार (संप्रेषण)

(B) लिखित संचार (संप्रेषण)

(C) अशाब्दिक संचार (संप्रेषण)

(D) दृश्य संचार (संप्रेषण)

3. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| *सूची-I (अशाब्दिक संचार का वर्गीकरण)* | | *सूची-II (वर्णन)* | |
|---|---|---|---|
| (i) | काइनेसिक्स | 1. | यह आँखों के बारे में होता है |
| (ii) | प्रॉक्सेमिक्स | 2. | यह आवाज की पिच को समझने पर केंद्रित है |
| (iii) | पैरा लैंग्वेज | 3. | बैठक सुबह 10.30 बजे |
| (iv) | समय भाषा | 4. | यह हमारे आस-पास के स्थान का अध्ययन है |

**कूट :**

(A) (i)-1, (ii)-4, (iii)-2, (iv)-3

(B) (i)-2, (ii)-1, (iii)-4, (iv)-3

(C) (i)-3, (ii)-1, (iii)-2, (iv)-4

(D) (i)-4, (ii)-1, (iii)-2, (iv)-3

4. रवि 20 मी. उत्तर की ओर चलकर दाईं ओर मुड़ता है और 30 मी. चलता है । इसके बाद वह पुन: दाईं ओर मुड़ता है और 35 मी. चलता है । अब वह बाईं ओर मुड़ता है और 15 मी. चलता है । इसके बाद वह फिर से बाईं ओर मुड़ता है और 15 मी. चलता है । प्रारंभिक बिंदु से उसकी दूरी और दिशा है :

(A) 45 मी. पश्चिम

(B) 30 मी. पूर्व

(C) 30 मी. पश्चिम

(D) 45 मी. पूर्व

5. लुप्त संख्या का मान है :




(A) 5
(B) 6
(C) 7
(D) 8

6. किसी निश्चित कोड में, TRAVEL को TAELVR के रूप में लिखा जाता है । उसी कोड में SIMPLE को लिखा जाएगा :

(A) SMLIPE

(B) SMLEPI

(C) SMLPEI

(D) SMLEIP

7. दी गई समरूपता को पूर्ण करने के लिए सही विकल्प है :

COMMENCE : FSRSLVLO : : BEGIN : ?

(A) EHKNU

(B) EIMOV

(C) EIKNU

(D) EILOU

1. Which is the most important symbol used in communication ?

(A) Words

(B) Pictures

(C) Actions

(D) Eye contact

2. With reference to communication, which of the following provides an immediate feedback ?

(A) Oral communication

(B) Written communication

(C) Non-verbal communication

(D) Visual communication

3. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| *List-I (Classification of non-verbal communication)* | *List-II (Description)* |
|---|---|
| (i) Kinesics | 1. It is about eyes |
| (ii) Proxemics | 2. It focuses on understanding the voice pitch |
| (iii) Para language | 3. Meeting at 10.30 a.m. |
| (iv) Time language | 4. It is the study of space around us |

**Code :**

(A) (i)-1, (ii)-4, (iii)-2, (iv)-3

(B) (i)-2, (ii)-1, (iii)-4, (iv)-3

(C) (i)-3, (ii)-1, (iii)-2, (iv)-4

(D) (i)-4, (ii)-1, (iii)-2, (iv)-3

4. Ravi walks 20 m North, then he turns right and walks 30 m. He then turns right and walks 35 m. Now he turns left and walks 15 m. Further, he again turns left and walks 15 m. His distance and direction from the starting point is :

(A) 45 m West

(B) 30 m East

(C) 30 m West

(D) 45 m East

5. The value of the missing number is :




(A) 5

(B) 6

(C) 7

(D) 8

6. In a certain code, TRAVEL is written as TAELVR. In this code, SIMPLE will be written as :

(A) SMLIPE

(B) SMLEPI

(C) SMLPEI

(D) SMLEIP

7. The correct alternative to complete the given analogy is :

COMMENCE : FSRSLVLO : : BEGIN : ?

(A) EHKNU

(B) EIMOV

(C) EIKNU

(D) EILOU

8. निम्नलिखित में से कौन-सी परिमेय संख्या *नहीं* है ?

(A) $\frac{5}{7}$

(B) 0·3333333

(C) $\sqrt{2}$

(D) $-\frac{11}{4}$

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए (सभी कोणों का मापन डिग्री में किया गया है) :

1. यदि दो संपूरक कोण 4x + 40 और 10x हैं, तो x है :

2. $\frac{4}{5} \times 45$ का पूरक कोण है :

3. यदि दो पूरक कोणों का अनुपात 4 : 5 है, तो सबसे छोटा कोण है :

निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

कूट :

| | 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|---|
| (A) | 10 | 63 | 15 |
| (B) | 15 | 27 | 36 |
| (C) | 10 | 54 | 40 |
| (D) | 10 | 27 | 30 |

10. एक घड़ी 1 बजे 1 बार, 2 बजे 2 बार, 3 बजे 3 बार एवं इसी प्रकार आगे बजती है । दोपहर 12.00 बजे से रात्रि 11.00 बजे (दोनों को सम्मिलित कर) तक वह कुल कितनी बार बजेगी ?

(A) 66

(B) 67

(C) 78

(D) 74

11. श्रृंखला में अगला शब्द होगा :

aau, ebo, ici, ode, ______


(A) uea

(B) uae

(C) aue

(D) aeu

12. जब संख्या 1 शीर्ष पर हो, तो तल पर कौन-सी संख्या होगी ?




(A) 2

(B) 1

(C) 5

(D) 6

8. Which of the following is ***not*** a rational number ?

(A) $\frac{5}{7}$

(B) 0·3333333

(C) $\sqrt{2}$

(D) $-\frac{11}{4}$

9. Consider the following statements (all the angles are measured in degrees) :

1. If two supplementary angles are 4x + 40 and 10x, then x is :

2. The complementary angle of $\frac{4}{5} \times 45$ is :

3. If two complementary angles are in the ratio of 4 : 5, then the smallest angle is :

Which of the following is correct ?

**Codes :**

| | 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|---|
| (A) | 10 | 63 | 15 |
| (B) | 15 | 27 | 36 |
| (C) | 10 | 54 | 40 |
| (D) | 10 | 27 | 30 |

10. A clock buzzes 1 time at 1 o'clock, 2 times at 2 o'clock, 3 times at 3 o'clock and so on. How many total number of times will it buzz from 12 noon till 11 p.m. (including both) ?

(A) 66

(B) 67

(C) 78

(D) 74

11. The next word in the series will be :

aau, ebo, ici, ode, ______


(A) uea

(B) uae

(C) aue

(D) aeu

12. When number 1 is at the top, which number will come at the bottom ?




(A) 2

(B) 1

(C) 5

(D) 6

13. एक 200 मीटर लंबी रेलगाड़ी 80 किमी/घण्टा की एकसमान गति से चल रही है। यह एक 600 मीटर लंबे पुल को कितने समय में पार कर लेगी ?

(A) 56 सेकण्ड

(B) 48 सेकण्ड

(C) 64 सेकण्ड

(D) 36 सेकण्ड

14. निम्नलिखित श्रृंखला पर विचार कीजिए जहाँ कुछ अक्षर लुप्त हैं :

k_l_kml_ _mlnkm_n

सही विकल्प का चयन कीजिए जिससे अक्षर एक निश्चित क्रम में हों।

(A) lmnnk

(B) mnnlk

(C) klnml

(D) mnnkl

15. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्वयं का दर्पण में प्रतिबिंब (Mirror image) है ?

(A) MWXIXMW

(B) XWTSTWX

(C) MOTWTOM

(D) BODHIXE

16. एक डिब्बे में एकसमान गेंदें हैं जिसमें से 31 लाल, 23 काली और 57 हरी हैं। डिब्बे से निकाली जाने वाली गेंदों की न्यूनतम संख्या क्या होगी ताकि हर रंग की कम-से-कम एक गेंद निकल आए ?


(A) 55

(B) 89

(C) 111

(D) 81

17. एक विद्यार्थी प्रतिदिन 8 घंटे पढ़ता है। उसके द्वारा प्रत्येक विषय पर दिए गए समय को निम्नलिखित पाई-चार्ट में दर्शाया गया है। विद्यार्थी गणित विषय कितने समय (मिनट में) पढ़ता है ?




(A) 92 मिनट

(B) 94 मिनट

(C) 96 मिनट

(D) 98 मिनट

18. दिए गए कथनों को पढ़िए। सही कथन के लिए "T" और ग़लत कथन के लिए "F" का प्रयोग कीजिए।

1. किसी आँकड़े के लिए माध्य, माध्यिका तथा बहुलक एकसमान नहीं हो सकते हैं।
2. किसी आँकड़े की माध्यिका, माध्य से कम हो सकती है।
3. आँकड़ों का माध्य सभी अवलोकनों का योग है।

निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

कूट :

| | 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|---|
| (A) | T | T | T |
| (B) | T | F | T |
| (C) | F | T | T |
| (D) | F | T | F |

13. A train of length 200 meters is running at a uniform speed of 80 km/hr. It will pass a bridge of length 600 meters in :

(A) 56 seconds

(B) 48 seconds

(C) 64 seconds

(D) 36 seconds

14. Consider the following series where some of the letters are missing :

k_l_kml_ _mlnkm_n

Choose the correct option so that the letters appear in a particular order.

(A) lmnnk

(B) mnnlk

(C) klnml

(D) mnnkl

15. Which of the following word is the mirror image of itself ?

(A) MWXIXMW

(B) XWTSTWX

(C) MOTWTOM

(D) BODHIXE

16. A box contains identical balls of which 31 are red, 23 are black and 57 are green. The least number of balls to be taken out to ensure that at least one ball of each colour is drawn is :


(A) 55

(B) 89

(C) 111

(D) 81

17. A student studies 8 hours per day. The following pie-chart shows the time spent by him on each subject. How much time (in minutes) is the student studying Mathematics ?




(A) 92 minutes

(B) 94 minutes

(C) 96 minutes

(D) 98 minutes

18. Read the given statements. State 'T' for true and 'F' for false.

1. Mean, Median and Mode cannot be the same for any data.

2. Median of the data can be less than the Mean of the data.

3. Mean of the data is the sum of all the observations.

Which of the following is correct ?

**Codes :**

| | 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|---|
| (A) | T | T | T |
| (B) | T | F | T |
| (C) | F | T | T |
| (D) | F | T | F |

19. यदि एक विषमबाहु त्रिभुज की प्रत्येक भुजा को दुगुना कर दिया जाए, तो उसका क्षेत्रफल बढ़ जाएगा :

(A) 100%

(B) 200%

(C) 300%

(D) 150%

20. यदि $x + \frac{1}{x} = 3$ है, तब $x^3 + \frac{1}{x^3}$ का मान है :


(A) 16

(B) 17

(C) 18

(D) 21

21. निम्नलिखित आकृति 9 (नौ) वर्गों को मिलाकर बनाई गई है जिनमें प्रत्येक की लंबाई 1 सेमी है।




एक विद्यार्थी बिन्दु P पर खड़ा है। यदि विद्यार्थी केवल वर्गों की सीमा पर ही चलता है तो बिंदु P से बिंदु Q तक पहुँचने के लिए कुल कितने निकटतम रास्ते हैं ?

(A) 19
(B) 20
(C) 21
(D) 18

22. निम्नलिखित व्यंजक का मान है :

$\sqrt{(999 \times 1001) + 1}$

(A) 990
(B) 1000
(C) 1010
(D) 1100

23. निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या दूसरी संख्याओं से भिन्न है ?

(A) 484
(B) 784
(C) 256
(D) 356

24. ______ विद्यार्थियों को शिक्षार्थी, लेखक, पाठक, आदि के रूप में उनकी क्षमता और कमजोरियों के बारे में जागृत करने में सहायक हैं।

(A) मेटा-कॉग्निटिव योग्यताएँ
(B) मेटा-लिंग्विस्टिक योग्यताएँ
(C) मेटा-मॉर्फोसिस
(D) मेटा-रिकग्निशन

19. If each side of a scalene triangle is doubled, then the area will be increased by :

(A) 100%

(B) 200%

(C) 300%

(D) 150%

20. If $x + \frac{1}{x} = 3$, then the value of $x^3 + \frac{1}{x^3}$ is :


(A) 16

(B) 17

(C) 18

(D) 21

21. The following figure is made with nine squares of length 1 cm each.




A student is standing at point P. The total number of shortest paths to reach point Q from point P, if the student walks along the boundaries of the squares only, is :

(A) 19

(B) 20

(C) 21

(D) 18

22. The value of the following expression is :

$\sqrt{(999 \times 1001) + 1}$

(A) 990

(B) 1000

(C) 1010

(D) 1100

23. Which of the following numbers is different from other numbers ?

(A) 484

(B) 784

(C) 256

(D) 356

24. ________ help(s) students become aware of their strengths and weaknesses as learners, writers, readers, etc.


(A) Meta-cognitive abilities

(B) Meta-linguistic abilities

(C) Meta-morphosis

(D) Meta-recognition

25. एक लड़का और एक लड़की दोनों एक बिंदु P पर खड़े हैं। लड़का 3 किमी पूर्व की ओर सीधा चलता है। तब वह बाएँ मुड़ता है और 3 किमी सीधा चलता है, वह पुन: बाएँ मुड़ता है और 3 किमी सीधा चलता है। लड़की बिंदु P से 2 किमी दक्षिण की ओर सीधी चलती है। अब वह बाएँ मुड़ती है और 3 किमी सीधी चलती है। वह फिर से बाएँ मुड़ती है और 2 किमी सीधी चलती है। अब लड़का उस लड़की से किस दिशा में है ?



(A) उत्तर-पूर्व

(B) उत्तर-पश्चिम

(C) दक्षिण-पश्चिम

(D) दक्षिण-पूर्व

26. लुप्त पद ज्ञात कीजिए :

6A4, 12D7, 20G11, 30J16, ?

(A) 42M22

(B) 40M23

(C) 42M24

(D) 40N20

27. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*कथन I :* चीता घोड़े से तेज दौड़ता है।

*कथन II :* घोड़ा बिल्ली से तेज दौड़ता है।

(A) I तथा II दोनों सही हैं।

(B) केवल I सही है।

(C) केवल II सही है।

(D) I तथा II दोनों ग़लत हैं।

28. एक सड़क पर आपने देखा कि कुछ लोग समूह बनाकर एक व्यक्ति को चोर समझकर पीट रहे हैं। आपको क्या करना चाहिए ?

(A) घटना को नज़रअंदाज करना चाहिए

(B) घटना का आनंद लेना चाहिए

(C) उस जगह को छोड़ देना चाहिए

(D) पुलिस को सूचित करना चाहिए

29. एक कूट भाषा में, NECK को 43-11-5-31 में कूटबद्ध किया गया है। उसी कूट भाषा में, APPLE को निम्नलिखित में से किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा ?

(A) 5-47-47-37-11

(B) 2-53-53-37-11

(C) 2-37-37-47-11

(D) 2-47-47-37-11

30. निम्नलिखित संख्याओं पर विचार कीजिए :

527, 693, 518, 734, 625

यदि ऊपर दी गई सभी संख्याओं के प्रथम एवं तृतीय अंकों को आपस में बदल दिया जाए और इस प्रकार प्राप्त संख्याओं को बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो तीसरी सबसे बड़ी संख्या के अंकों का योगफल कितना है ?

(A) 17

(B) 18

(C) 13

(D) 14

25. A boy and a girl are standing at a point P. The boy walked 3 km straight towards east. He turned left and walked 3 km straight, then turned left again and walked 3 km straight. The girl started from point P and walked 2 km straight towards south. She turned left and walked 3 km straight, then turned left and walked 2 km straight. The boy is now in which direction of the girl ?

(A) North-East

(B) North-West

(C) South-West

(D) South-East

26. Find the missing term :

6A4, 12D7, 20G11, 30J16, ?

(A) 42M22

(B) 40M23

(C) 42M24

(D) 40N20

27. Read the following statements and choose the correct option :

*Statement I :* Cheetah runs faster than horse.

*Statement II :* Horse runs faster than cat.

(A) Both I and II are true.

(B) Only I is true.

(C) Only II is true.

(D) Both I and II are false.

28. On a road, you observe a group of people beating a person assuming that person to be a thief. What should you do ?

(A) Ignore the incident

(B) Enjoy the incident

(C) Leave the place

(D) Inform the police

29. In a code language, NECK is coded as 43-11-5-31. In the same language, APPLE will be coded as :

(A) 5-47-47-37-11

(B) 2-53-53-37-11

(C) 2-37-37-47-11

(D) 2-47-47-37-11

30. Consider the following numbers :

527, 693, 518, 734, 625

If the first and third digits of each of the given numbers are interchanged and the numbers are arranged in ascending order, then the sum of the digits of the third highest number formed is :


(A) 17

(B) 18

(C) 13

(D) 14

**निर्देश :** *निम्नलिखित आरेख पर विचार कीजिए और अंत में पूछे गए प्रश्न संख्या **31** से **35** तक के प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*




**31.** मार्च, जून और सितंबर में हुई कुल वर्षा का, जनवरी, जुलाई और नवंबर में हुई कुल वर्षा से अनुपात क्या है ?

(A) 2 : 1

(B) 1 : 2

(C) 1 : 1

(D) 3 : 2

**32.** अगस्त और सितंबर में हुई कुल वर्षा, अप्रैल और फरवरी में हुई कुल वर्षा से कितनी अधिक है ?

(A) 75%

(B) 100%

(C) 60%

(D) 45%

**33.** जनवरी में वर्षा, जुलाई की वर्षा की तुलना में ________ है।

(A) 0·5 गुनी

(B) 0·2 गुनी

(C) 0·3 गुनी

(D) 0·8 गुनी

**34.** मई में वर्षा, फरवरी की वर्षा की तुलना में ________ है।

(A) 1·6 गुनी

(B) 0·5 गुनी

(C) 1·5 गुनी

(D) 2 गुनी

**35.** जुलाई, अगस्त और सितंबर में हुई वर्षा, पूरे वर्ष की (फरवरी को छोड़कर) कुल वर्षा का ________ है।


(A) 23%

(B) 40%

(C) 50%

(D) 45%

*Directions : Consider the following diagram and answer the questions asked at the end, Questions No. **31** to **35**.*




**31.** What is the ratio of the total rainfall in March, June and September, taken together, to the total rainfall in January, July and November ?

(A) 2 : 1

(B) 1 : 2

(C) 1 : 1

(D) 3 : 2

**32.** The total rainfall for August and September is more than the total rainfall for April and February by :

(A) 75%

(B) 100%

(C) 60%

(D) 45%

**33.** The rainfall in January is ______ that of the rainfall in July.

(A) 0·5 times

(B) 0·2 times

(C) 0·3 times

(D) 0·8 times

**34.** The rainfall in May is ______ that of the rainfall in February.

(A) 1·6 times

(B) 0·5 times

(C) 1·5 times

(D) 2 times

**35.** The rainfall in July, August and September is ______ of the total rainfall in the whole year, excluding February.

(A) 23%

(B) 40%

(C) 50%

(D) 45%

**36.** यदि "+" और "\$" दोनों "भाग" को दर्शाते हैं, "×" "व्यवकलन" को दर्शाता है, "@" "योग" को दर्शाता है, एवं "#" "गुणन" को दर्शाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प *ग़लत* है ?

(A) 18 @ 3 \$ 3 # 12 = 30

(B) 3 @ 18 \$ 3 # 12 = 75

(C) 3 # 18 \$ 12 × 3 = 1·5

(D) 18 × 3 # 12 + 3 = 30

**37.** निम्नलिखित व्यंजक का मान है :

$$\frac{(9\cdot1)^2-(10\cdot9)^2}{(9\cdot1)^3-(10\cdot9)^3}\times\frac{(9\cdot1)^2+(9\cdot1\times10\cdot9)+(10\cdot9)^2}{(7\cdot9)^2+(7\cdot9\times2\cdot1)+(2\cdot1)^2}\times\frac{(7\cdot9)^3-(2\cdot1)^3}{(7\cdot9)^2-(2\cdot1)^2}$$


(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

**38.** निम्नलिखित आकृति में कुल कितने त्रिभुज हैं ?



(A) 11

(B) 12

(C) 13

(D) 14

**39.** यदि $\frac{x}{x+y+z}=\frac{y}{x+y+z}=\frac{z}{x+y+z}=\frac{2k}{3}$ है, और $x>0,\ y>0,\ z>0$ है, तब 6k है :

(A) 1

(B) 3

(C) 2

(D) 4

36. If "+" and "$" both denote "division",
"×" denotes "subtraction",
"@" denotes "addition", and
"#" denotes "multiplication",
then which of the following options is *incorrect* ?

(A) 18 @ 3 $ 3 # 12 = 30

(B) 3 @ 18 $ 3 # 12 = 75

(C) 3 # 18 $ 12 × 3 = 1·5

(D) 18 × 3 # 12 + 3 = 30

37. The value of the following expression is :

$$\frac{(9\cdot1)^2-(10\cdot9)^2}{(9\cdot1)^3-(10\cdot9)^3} \times \frac{(9\cdot1)^2+(9\cdot1\times10\cdot9)+(10\cdot9)^2}{(7\cdot9)^2+(7\cdot9\times2\cdot1)+(2\cdot1)^2} \times \frac{(7\cdot9)^3-(2\cdot1)^3}{(7\cdot9)^2-(2\cdot1)^2}$$


(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

38. The total number of triangles in the following figure is :



(A) 11

(B) 12

(C) 13

(D) 14

39. If $\frac{x}{x+y+z} = \frac{y}{x+y+z} = \frac{z}{x+y+z} = \frac{2k}{3}$ and $x > 0,\ y > 0,\ z > 0$, then 6k is :

(A) 1


(B) 3

(C) 2

(D) 4

*निर्देश : (प्रश्न सं. 40 – 42) : निम्नलिखित चित्र को देखिए और अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रश्नों के उत्तर केवल चित्र पर आधारित होने चाहिए ।*

नीचे दिए गए वेन आरेख में, वर्ग उन लोगों को निरूपित करता है जो केले पसंद करते हैं, त्रिभुज उन लोगों को निरूपित करता है जो स्ट्रॉबेरी पसंद करते हैं, और वृत्त उन लोगों को निरूपित करता है जो सेब पसंद करते हैं ।




40. कितने लोग स्ट्राबेरी और सेब को पसंद करते हैं परंतु केले को *नहीं* ?

(A) 2
(B) 4
(C) 5
(D) 9

41. कितने लोग केले और सेब को पसंद करते हैं परंतु स्ट्रॉबेरी को *नहीं* ?

(A) 2
(B) 4
(C) 5
(D) 9

42. कितने लोग केले और स्ट्रॉबेरी को पसंद करते हैं परंतु सेब को *नहीं* ?

(A) 2
(B) 4
(C) 5
(D) 9

43. निम्नलिखित में से कौन-सा मौखिक संचार के सिद्धांतों के घटकों में से एक ***नहीं*** है ?

(A) सटीकता
(B) स्पष्टता
(C) शिष्टाचार
(D) रचनात्मकता

44. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रणाली बोले गए संदेश को डिजिटाइज़ करती है, उसे नेटवर्क पर प्रेषित करती है तथा प्राप्तकर्ता के लिए बाद में पुन: प्राप्त करने हेतु संग्रहित करती है ?


(A) तुरंत संदेश
(B) ई-मेल
(C) फैक्स मशीन
(D) वॉइसमेल

45. निम्नलिखित में से कौन-सा संचार के सात सिद्धांतों (घटकों) में से एक ***नहीं*** है ?

(A) संक्षिप्तता
(B) शिष्टाचार
(C) पूर्णता
(D) जिज्ञासा

*Directions : (Questions No. 40 – 42) : Look at the following figure and answer the questions asked at the end. The answers to the questions should be based on the figure only.*

In the Venn Diagram given below, the square represents persons who like bananas, the triangle represents persons who like strawberries, and the circle represents persons who like apples.




40. How many persons like strawberries and apples but ***not*** bananas ?

(A) 2

(B) 4

(C) 5

(D) 9

41. How many persons like bananas and apples but ***not*** strawberries ?

(A) 2

(B) 4

(C) 5

(D) 9

42. How many persons like bananas and strawberries but ***not*** apples ?

(A) 2

(B) 4

(C) 5

(D) 9

43. Which of the following is ***not*** one of the constituents of the principles of oral communication ?

(A) Accuracy

(B) Clarity

(C) Courtesy

(D) Creativity

44. Which of the following is a system that digitizes a spoken message, transmits it over the network and stores it for the receiver to retrieve later ?

(A) Instant message

(B) E-mail

(C) Fax machine

(D) Voicemail

45. Which of the following is ***not*** one of seven principles (constituents) of communication ?

(A) Conciseness

(B) Courtesy

(C) Completeness

(D) Curiosity

**46.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. संचार (संप्रेषण) समझ का हस्तान्तरण है।
2. संचार (संप्रेषण) एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक अर्थ का आदान-प्रदान है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

कूट :

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 एवं 2 दोनों

(D) न तो 1 न ही 2

**47.** संचार (संप्रेषण) के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. शब्दों को मौखिक रूप से प्रेषित किया जा सकता है और सुनकर प्राप्त किया जा सकता है।
2. शब्दों को लिखकर प्रेषित किया जा सकता है और पढ़कर प्राप्त किया जा सकता है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

कूट :

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 एवं 2 दोनों

(D) न तो 1 न ही 2

**48.** लुप्त संख्याओं A, B और C के मान हैं :

| | | |
|---|---|---|
| 9 | A | 12 |
| B | 10 | 7 |
| 8 | C | 11 |


(A) A = 9, B = 13, C = 11

(B) A = 13, B = 9, C = 11

(C) A = 13, B = 11, C = 9

(D) A = 9, B = 11, C = 13

**49.** एक घन के फलकों पर अंकित संख्या 1 से 6 हैं। नीचे घन की चार विभिन्न स्थितियाँ दिखाई गई हैं :




2 के विपरीत फलक पर संख्या है :

(A) 3

(B) 4

(C) 5

(D) 6

**50.** यदि '+' का अर्थ '÷', '÷' का अर्थ '–', '–' का अर्थ '×', '×' का अर्थ '+' है तब

$12 - 8 \times 6 - 4 \div 6 + 3$ का मान है :

(A) $-33\frac{2}{3}$

(B) $-112$

(C) 118

(D) 92

46. Which of the following statements is/are correct ?

1. Communication is transfer of understanding.
2. Communication is transfer of meaning from one person to another.

Choose the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) 1 only

(B) 2 only

(C) Both 1 and 2

(D) Neither 1 nor 2

47. With reference to communication, which of the following statements is/are correct ?

1. Words can be transmitted orally and received by listening.
2. Words can be transmitted in written and received by reading.

Choose the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) 1 only

(B) 2 only

(C) Both 1 and 2

(D) Neither 1 nor 2

48. The values of the missing numbers A, B and C are :

| | | |
|---|---|---|
| 9 | A | 12 |
| B | 10 | 7 |
| 8 | C | 11 |


(A) A = 9, B = 13, C = 11

(B) A = 13, B = 9, C = 11

(C) A = 13, B = 11, C = 9

(D) A = 9, B = 11, C = 13

49. The faces of a cube are numbered 1 to 6. Four different positions of the cube are shown below :




The number on the face opposite to 2 is :

(A) 3

(B) 4

(C) 5

(D) 6

50. If '+' means '÷', '÷' means '–', '–' means '×', '×' means '+', then the value of $12 - 8 \times 6 - 4 \div 6 + 3$ is :

(A) $-33\frac{2}{3}$

(B) – 112

(C) 118

(D) 92

51. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची-*I* | | सूची-*II* |
|---|---|---|---|
| (i) | प्रेषक | 1. | स्रोत से भौतिक उत्पाद |
| (ii) | संदेश | 2. | संचार स्रोत |
| (iii) | चैनल | 3. | यह निर्धारित करना कि क्या समझ प्राप्त हो गई है |
| (iv) | प्रतिपुष्टि | 4. | वह माध्यम जिसके द्वारा संदेश पहुँचता है |

कूट :

(A) (i)-2, (ii)-1, (iii)-4, (iv)-3

(B) (i)-1, (ii)-3, (iii)-4, (iv)-2

(C) (i)-3, (ii)-2, (iii)-1, (iv)-4

(D) (i)-1, (ii)-2, (iii)-3, (iv)-4

52. संचार (संप्रेषण) के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(A) अंगूरीलता एक संगठन में संप्रेषण का आधिकारिक तरीका है।

(B) अंगूरीलता एक संगठन में संप्रेषण का अनौपचारिक तरीका है।

(C) अंगूरीलता एक संगठन में संप्रेषण का दोनों आधिकारिक और अनौपचारिक तरीका है।

(D) अंगूरीलता एक संगठन में संप्रेषण का न तो आधिकारिक और न ही अनौपचारिक तरीका है।

53. दिए गए युग्मों में से असंगत युग्म है :

(A) पीलिया : लिवर (यकृत)

(B) रिकेट्स : हड्डी

(C) क्षय रोग : फेफड़े

(D) डेंगू : बुखार

54. दिए गए कथनों से निम्नलिखित में से कौन-से निष्कर्ष, तार्किक रूप से निश्चित रूप से निकाले जा सकते हैं ?

कथन *I* : सभी ईंटें झोपड़ियाँ हैं।

कथन *II* : कोई झोपड़ी फूल नहीं है।

निष्कर्ष :

I : कुछ ईंटें झोपड़ियाँ हैं।

II : कुछ झोपड़ियाँ फूल नहीं हैं।

III : कुछ ईंटें फूल नहीं हैं।

विकल्प :

(A) केवल I और II

(B) केवल II और III

(C) केवल I और III

(D) I, II और III

55. अनुक्रम 2, 10, 60, 420, 3360 … में अगला पद है :

(A) 30240

(B) 27840

(C) 25140

(D) 22240

51. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| List-I | List-II |
|---|---|
| (i) Sender | 1. Physical product from the source |
| (ii) Message | 2. The communication source |
| (iii) Channel | 3. Determining whether understanding has been achieved |
| (iv) Feedback | 4. The medium through which the message travels |

**Code :**

(A) (i)-2, (ii)-1, (iii)-4, (iv)-3

(B) (i)-1, (ii)-3, (iii)-4, (iv)-2

(C) (i)-3, (ii)-2, (iii)-1, (iv)-4

(D) (i)-1, (ii)-2, (iii)-3, (iv)-4

52. With reference to communication, which of the following is correct ?

(A) The grapevine is the official way that communication takes place in an organisation.

(B) The grapevine is the unofficial way that communication takes place in an organisation.

(C) The grapevine is both the official and the unofficial way that communication takes place in an organisation.

(D) The grapevine is neither the official nor the unofficial way that communication takes place in an organisation.

53. The pair which is differently related from the other pairs is :

(A) Jaundice : Liver

(B) Rickets : Bone

(C) Tuberculosis : Lungs

(D) Dengue : Fever

54. Which of the following conclusions can definitely be drawn logically from the given statements ?

*Statement I :* All bricks are huts.

*Statement II :* No hut is a flower.

Conclusions :

I : Some bricks are huts.

II : Some huts are not flowers.

III : Some bricks are not flowers.

**Options :**

(A) Only I and II

(B) Only II and III

(C) Only I and III

(D) I, II and III

55. The next term in the sequence 2, 10, 60, 420, 3360 ... is :

(A) 30240

(B) 27840

(C) 25140

(D) 22240

## गद्यांश 1

*निर्देश (प्रश्न.सं. 56 – 60) : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के उत्तर दिए गए गद्यांश पर आधारित होने चाहिए।*

पावर फूड को हम सुपरफूड के नाम से भी जानते हैं। यह पोषक तत्त्वों से भरपूर भोजन होते हैं जिनमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन, एवं खनिज जैसे बहुत सारे स्वास्थ्य पोषक तत्त्व विद्यमान होते हैं। अधिकांश स्वास्थ्य प्रशिक्षक अपने ग्राहकों को मांसपेशियों को मज़बूत करने के लिए अपने दैनिक आहार में इन खाद्य पदार्थों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। मिलेट्स (मोटे अनाज) फाइबर, प्रोटीन, विटामिन, और खनिजों से भी समृद्ध होने से ये आहार की स्वास्थ्यवर्धकता को उत्कृष्टता की ओर बढ़ाते हैं। मिलेट्स में भी मुख्य रूप से ज्वार, बाजरा, रागी, सांवाँ शामिल हैं। भारतीय मिलेट्स पोषण की दृष्टि से गेहूँ और चावल से बेहतर हैं क्योंकि इनमें प्रोटीन, विटामिन और खनिज प्रचुर मात्रा में होते हैं। ये ग्लूटेन-मुक्त भी होते हैं और इनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी कम होता है जिससे ये सीलिएक रोग (पाचन विकार) या मधुमेह वाले लोगों के लिए आदर्श भोजन होते हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा मिलेट्स उत्पादक है। मिलेट्स उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने में भी सहायक होते हैं और इसकी खेती कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद करती है। मिलेट्स के बारे में जागरूकता पैदा करने तथा इसके उत्पादन और खपत को बढ़ाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष (IYM) घोषित किया।

**56.** प्रोटीन आवश्यक है :

(A) मांसपेशियों की कमजोरी के लिए

(B) मांसपेशियों की मजबूती के लिए

(C) त्वचा का रंग बदलने के लिए

(D) इनमें से कोई नहीं

**57.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(A) यूएसए (संयुक्त राज्य अमेरिका) मिलेट्स का सर्वाधिक उत्पादक देश है।

(B) बाजरे की अपेक्षा, गेहूँ का ग्लाइसेमिक सूचकांक कम है।

(C) मिलेट्स ग्लूटेन-मुक्त होते हैं।

(D) इनमें से कोई नहीं

**58.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(A) गेहूँ, मिलेट्स की अपेक्षा रक्त शर्करा स्तर कम करने में सहायक है।

(B) उच्च ग्लाइसेमिक सूचकांक वाले भोजन मधुमेह से लड़ने में सहायक होते हैं।

(C) निम्न ग्लाइसेमिक सूचकांक वाले भोजन मधुमेह से लड़ने में सहायक होते हैं।

(D) इनमें से कोई नहीं

**59.** निम्नलिखित में से कौन-सा सुपरफूड है ?

(A) चावल

(B) सांवाँ

(C) उच्च ग्लाइसेमिक सूचकांक वाले भोजन

(D) उपर्युक्त सभी

**60.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(A) मिलेट्स की खेती कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में सहायक है।

(B) भारत दूसरा सबसे बड़ा मिलेट्स उत्पादक देश है।

(C) वर्ष 2021 को मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया है।

(D) उपर्युक्त सभी

## Passage 1

*Directions (Questions No. 56 – 60) : Read the following passage and answer the questions asked at the end. The answers to the questions should be based on the passage.*

Power foods, also known as superfoods, are nutrient-rich foods that contain lots of healthy nutrients, such as protein, fiber, vitamins, and minerals. Most of the health trainers encourage their clients to include these foods in their daily diet to strengthen muscles. Millets are also rich in fiber, protein, vitamins, and minerals, making them an excellent addition to a healthy diet. Millets as a subhead consist of sorghum (jowar), pearl millet (bajra), finger millet (ragi) and barnyard millet. The Indian millets are nutritionally superior to wheat and rice as they are rich in protein, vitamins and minerals. They are also gluten-free and have a low glycemic index, making them ideal for people with celiac disease or diabetes. India is the world's largest producer of millets. Millets are found to be helpful in managing high blood pressure and its cultivation helps to reduce the carbon footprint. With the aim to create awareness and increase production and consumption of millets, the United Nations declared 2023 as the International Year of Millets (IYM).

56. Protein is essential for :
    - (A) Weakening muscles
    - (B) Muscle strength
    - (C) Changing the colour of the skin
    - (D) None of these

57. Which of the following statements is true ?
    - (A) USA is the largest producer country of millets.
    - (B) Wheat has low glycemic index as compared to pearl millet (bajra).
    - (C) Millets are gluten-free.
    - (D) None of these

58. Which of the following statements is true ?
    - (A) Wheat is helpful for reducing the blood sugar level as compared to millets.
    - (B) High glycemic index foods are helpful for fighting diabetes.
    - (C) Low glycemic index foods are helpful for fighting diabetes.
    - (D) None of these

59. Which of the following is a superfood ?
    - (A) Rice
    - (B) Barnyard millet
    - (C) High glycemic index foods
    - (D) All of the above

60. Which of the following statements is correct ?
    - (A) Millet cultivation helps to reduce the carbon footprint.
    - (B) India is the second largest producer country of millets.
    - (C) The year 2021 has been declared as the year of millets.
    - (D) All of the above

*निर्देश (प्रश्न सं. 61 से 65) : निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

**गद्यांश 2**

सत्संग के बिना मनुष्य अपनी वासनाओं के दु:खों से किसी प्रकार नहीं बच सकता। वासनाएँ भी जब सत्पुरुषों के दर्शन करती हैं, तो वे भी धन्य हो जाती हैं और उनके स्वरूप बदल जाते हैं; फिर वे शुद्ध संकल्प बनकर उठने लगती हैं। वासनाएँ यदि लोहे के समान हैं, तो सत्संग पारसमणि है। बस ! स्पर्श करते ही वे स्वर्ण हो जाती हैं। बड़े दुष्ट स्वभाव वाले केवल सत्संग से सन्त बन गए। महादु:खितों का दु:ख सत्संग से कुछ समय में ही जाता रहा और घोर अन्यायी राजा तथा नराधम लोग सत्पुरुषों के सम्पर्क में आते ही महान् दयावान बन गए। हृदय-परिवर्तन के ऐसे अनूठे उदाहरण भारतीय इतिहास में भरे पड़े हैं, इसीलिए भारतीय मनीषा ने सत्संग को विशेष महत्त्व प्रदान किया है।

**61.** वासनाओं से बचा जा सकता है :

(A) सत्संग द्वारा

(B) संगति-सहमति से

(C) असङ्ग द्वारा

(D) प्रसङ्ग से

**62.** वासनाएँ रूपान्तरित होने लगती हैं :

(A) कामनापूर्ति से

(B) सत्पुरुष-दर्शन से

(C) पौरुष-प्रदर्शन से

(D) कृतकाम होने से

**63.** यदि सत्संग पारसमणि है, तो वासनाएँ हैं :

(A) दर्शन

(B) लौहधातुवत्

(C) दु:ख

(D) लौहशक्तिवत्

**64.** दुष्ट स्वभाव वाले लोग सन्त बनते हैं :

(A) कानन-सेवन से

(B) सन्तति प्राप्ति से

(C) गृहत्याग से

(D) सत्-संगति से

**65.** महान् दयावान बनने का पंथ प्रशस्त होता है :

(A) नराधमता और नृशंसता से

(B) संगर-समाप्ति के पश्चात्

(C) सत्पुरुषों के सम्पर्क से

(D) ज्ञानवान बनने से

*निर्देश (प्रश्न सं. 66 से 70) : निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

**गद्यांश 3**

मानव के व्यक्तित्व का निर्माण करने वाले विभिन्न तत्त्वों में चरित्र का सबसे अधिक महत्त्व है। चरित्र एक ऐसी शक्ति है, जो मानव-जीवन को सफल बनाती है। चरित्र की शक्ति ही आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता उत्पन्न करती है। चरित्र मनुष्य के कार्यकलाप और आचरण-समूह का नाम है। चरित्र रूपी शक्ति के आगे समस्त प्रकार की पाशविक शक्ति नष्ट हो जाती है। चरित्र-शक्ति, विद्या, बुद्धि और सम्पत्ति की शक्ति से भी महान् होती है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि कई चक्रवर्ती सम्राट धन, पद, वस्तु और विद्या के स्वामी थे, किन्तु चरित्र के अभाव में अस्तित्वहीन हो गए। तन-मन की पवित्रता, कर्तव्य निर्वाह की भावना, परोपकारिता और समाज सेवा भी चारित्रिक गुणों में आती है। मानव-जीवन की सम्पूर्ण सफलता, यश और गौरव अर्जित करने के लिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने चरित्र को ऊँचा बनाए क्योंकि व्यक्तियों का सामूहिक चरित्र राष्ट्रीय चरित्र के नाम से जाना जाता है।

66. मानव के व्यक्तित्व का निर्माण करने वाले विभिन्न तत्त्वों में सबसे अधिक महत्त्व किसका है ?

(A) धन का

(B) चरित्र का

(C) बल का

(D) विद्या का

67. चरित्र की शक्ति क्या उत्पन्न करती है ?

(A) आत्मविश्वास

(B) अभिमान

(C) पाशविक शक्ति

(D) सङ्कोच

68. पाशविक शक्ति नष्ट हो जाती है :

(A) चरित की शक्ति के सामने

(B) उच्चरित शक्ति के सामने

(C) आचरित शक्ति के सामने

(D) चरित्र की शक्ति के सामने

69. चरित्र के अभाव में अस्तित्वहीन हो गए :

(A) चक्रवर्ती सम्राट

(B) चरित्रवान

(C) अमानुष

(D) चरित रचयिता

70. व्यक्तियों का सामूहिक चरित्र जाना जाता है :

(A) अन्तर्राष्ट्रीय चरित्र के नाम से

(B) राष्ट्रीय चरित्र के नाम से

(C) दुनियावी चरित्र के नाम से

(D) वैश्विक चरित्र के नाम से

*निर्देश (प्रश्न सं. 71 से 75) : निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

**गद्यांश 4**

क्रोध एक मनोविकार है, जो किसी अनुचित कार्य, अपकार आदि से अथवा उसकी सम्भावना या आशंका से उत्पन्न होता है । क्रोध वस्तुत: मन की एक विकारपूर्ण अवस्था है, जो किसी शरीर एवं स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है । कौन नहीं जानता कि क्रोधी व्यक्ति प्राय: चिड़चिड़े स्वभाव वाले, क्षीण, दुर्बल, रोगग्रस्त होते हैं । हम यह कह सकते हैं कि क्रोध एक रोगकारक मनोविकार है । जहाँ क्रोध है, वहाँ रोग, विकार अथवा अस्वास्थ्य है; अत: क्रोध एक ऐसा मनोविकार है, जिसे हम लोक व्यवहार की भाषा में एक रोग या मन की बीमारी कह सकते हैं । क्रोध के वशीभूत व्यक्ति विक्षिप्त की भाँति अपना विवेक खो देता है और कुछ भी कह बैठता है, कुछ भी कर गुज़रता है । क्रोधरूपी पागलपन एक ऐसा रोग है, जो ठीक होने में समय लेता है । क्रोध का आवेग अपेक्षाकृत कम अवधि तक रहता है । समझाने-बुझाने से, विवेक जागृत होने से, परिवेश एवं वातावरण बदल देने तथा कभी-कभी पानी पी लेने अथवा भोजन कर लेने से क्रोध शान्त हो जाता है । अतएव क्रोध को हम अल्पकालिक या क्षणिक पागलपन कहेंगे ।

**71.** क्रोध उत्पन्न होता है :

(A) प्रेम न होने से

(B) दयाभाव से

(C) उचितानुचित विवेक से

(D) अनुचित कार्य से

**72.** क्रोधी का स्वभाव होता है :

(A) असाधारण-अद्‌भुत

(B) चिड़चिड़ा-अस्थिर

(C) कौतुकी-कुटैवी

(D) कुटिल-कुचाली

**73.** क्रोध एक मनोरोग है :

(A) लोक व्यवहार की भाषा में

(B) लोक-प्रशासन की दृष्टि से

(C) लोक-परलोक के न्याय से

(D) लोकोत्तर सन्दर्भ में

**74.** निम्नलिखित में से *असत्य* कथन की पहचान कीजिए :

(A) क्रोध समझाने-बुझाने से शान्त हो जाता है ।

(B) क्रोध विवेक जागृत होने पर शान्त हो जाता है ।

(C) क्रोध दाण्डिक होने से शान्त हो जाता है ।

(D) क्रोध परिवेश-वातावरण बदलने से शान्त हो जाता है ।

**75.** क्रोध शान्त *नहीं* होता है :

(A) समझाने-बुझाने से

(B) विवेक जागृत होने से

(C) परिवेश एवं वातावरण बदलने से

(D) चिड़चिड़ाने से

*निर्देश (प्रश्न सं. 76 से 80) : निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

**गद्यांश 5**

जीवन की सफलता का रहस्य समय के सदुपयोग में ही निहित है। चाहे वह निर्धन हो या धनवान, किसान हो या मज़दूर, राजा हो या प्रजा, विद्वान हो या मूर्ख; समय पर सभी का समान अधिकार है। समय की उपयोगिता साधारण-से-साधारण व्यक्ति को भी महान् बना देती है। आज तक जितने भी महान् पुरुष हुए हैं, उनके जीवन की सफलता का रहस्य एकमात्र समय के अमूल्य क्षणों का सदुपयोग ही रहा है। बड़े-से-बड़े संकटों, भयानक-से-भयानक संघर्षों में भी सदैव विजय-वैजयन्ती उनका वरण करती है। आलस्यरहित होकर यथासमय प्रत्येक कार्य को करना ही समय की उपयोगिता है। जो मनुष्य आज का काज कल पर टाल देते हैं, उनका काम कभी पूरा नहीं होता। वे जीवन में सदैव पश्चाताप की आग में जलते रहते हैं, परन्तु जलने से कोई लाभ नहीं होता क्योंकि समय-चूकि पुनि का पछिताने। वे आगे बढ़ने के समय में भी पीछे रहते हैं। बुद्धिमान व्यक्ति अपने अवकाश के क्षणों को भी व्यर्थ नहीं जाने देता।

**76.** जीवन की सफलता का रहस्य निहित है :

(A) समयान्तरण में

(B) विषम समय में लड़ने में

(C) समय के सदुपयोग में

(D) सामयिक उद्योग में

**77.** सभी का समान अधिकार होता है :

(A) समय पर

(B) सामयिकता पर

(C) राष्ट्र पर

(D) राष्ट्रीय सम्पत्ति पर

**78.** विजय-वैजयन्ती उनका वरण करती है, जो ________ ।

(A) खुलकर वीरतापूर्वक लड़ते ही रहते हैं

(B) समय के अमूल्य क्षणों का सदुपयोग करते हैं

(C) लगातार पढ़ते ही रहते हैं

(D) प्रमादपूर्वक रहते हैं

**79.** जो समय पर कार्य पूरा नहीं करते, वे ________ ।

(A) पश्चाताप की अग्नि में जलते हैं

(B) बड़वानल में जलते हैं

(C) दावाग्नि में जलते हैं

(D) समय बीतने पर पछताया नहीं करते

**80.** अवकाश का समय कौन व्यर्थ ***नहीं*** जाने देता ?

(A) धनवान

(B) शक्तिमान

(C) बुद्धिमान

(D) विशेषज्ञ

81. 'नाट्यशास्त्र (भरतमुनि)' में कितने रसों की चर्चा है ?

(A) आठ रसों की

(B) नव रसों की

(C) दस रसों की

(D) एकादश रसों की

82. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द छाँटिए :

(A) अनाधिकार

(B) दुरवस्था

(C) अधिआत्म

(D) आधीन

83. 'अद्य' का विलोम शब्द है :

(A) सद्य

(B) नद्य

(C) नदी

(D) मद्य

84. 'अध्यारोप' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है ?

(A) अध्

(B) अधि

(C) आधि

(D) अध्य

85. ''सुबरन को ढूँढ़त फिरत, कवि, व्यभिचारी, चोर'' में श्लिष्ट शब्द है :

(A) सुबरन

(B) कवि

(C) व्यभिचारी

(D) चोर

86. ''सब धान बाईस पसेरी'' का सही अर्थ है :

(A) अच्छे-बुरे सबको एक समान समझना

(B) ऊँच-नीच न मानना

(C) छिद्रान्वेषण न करना

(D) सबसे इक्कीस सिद्ध होना

87. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है ?

(A) उसने स्वीकार कर कहा ।

(B) वह इनकार कर चला गया ।

(C) वह मुझसे बात कर चला गया ।

(D) वे कार पर सवार होकर भाग खड़े हुए ।

88. शुद्ध युग्म का चयन कीजिए :

(A) पुस्तक का गुण-दोष विवेचन करना – छिद्रान्वेषण

(B) अहिरावण से जुड़ी घटना – ऐहिक

(C) नयाचार से सम्बन्धित – नैयायिक

(D) आकाश में विचरण करने वाला – खेचर

89. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है :

(A) तिवहार

(B) तेवहार

(C) त्योहार

(D) त्यौहार

90. 'दाँत काटी रोटी' का सही अर्थ है :

(A) हिस्सा-बाँट करवाना

(B) गहरी दोस्ती

(C) रोज़ी छीनना

(D) मुँह का निवाला

91. 'महाजनी' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) ई

(B) अनी

(C) नी

(D) इ

92. 'भ्रमर' का पर्यायवाची शब्द है :

(A) विकुर

(B) निकर

(C) द्विरेफ

(D) खग

93. निम्नलिखित में से बेमेल शब्द-युग्म छाँटिए :

(A) अरुण – सूर्य-सारथी

(B) अक्षर – विष्णु

(C) कैवल्य – विशुद्ध ज्ञान

(D) कोटि – कोट

94. 'परिव्राजक' शब्द से तात्पर्य है :

(A) घुमन्तू साधु से

(B) व्रजवासी से

(C) व्रजक्षेत्र की परिधि से

(D) व्रजमाण्डलिक से

95. बेमेल विलोमार्थक शब्द-युग्म छाँटिए :

(A) अज्ञ – प्रज्ञ

(B) अलभ्य – दुर्लभ

(C) अनुग्रह – विग्रह

(D) अमावस्या – पूर्णिमा

96. 'वज्रदेह' में कौन-सा समास है ?

(A) द्वन्द्व

(B) बहुव्रीहि

(C) तत्पुरुष

(D) अव्ययीभाव

97. 'प्रोत्साहन' शब्द में कौन-सी सन्धि है ?

(A) दीर्घ

(B) वृद्धि

(C) यण

(D) गुण

98. 'ईषत्' का विलोम शब्द है :

(A) आलय

(B) आलम

(C) अलम्

(D) आलस्य

99. अपनी प्रशंसा करने वाला कहलाता है :

(A) श्लाघनीय

(B) आत्मश्लाघ्य

(C) आत्मश्लाघा

(D) आत्मश्लाघी

100. 'आँख' का पर्यायवाची शब्द *नहीं* है :

(A) ईक्षण

(B) दृग

(C) अम्बक

(D) मयूख